सामाजिक न्याय Important Questions Class 11 Political Science Chapter 4 in Hindi

1 अंकीय प्रश्नः

प्रश्न 1 प्राचीन भारतीय समाज में न्याय संबंधी अवधारण क्या थी?

उत्तर : प्राचीन भारतीय समाज में न्याय धर्म के साथ जुड़ा था और न्यायोचित सामाजिक व्यवस्था कायम रखना राजा का कर्तव्य था।

प्रश्न 2 'द रिपब्लिक' के लेखक का नाम लिखिये।

उत्तर : प्लेटों

प्रश्न 3 साधारण शब्दों में न्याय का अर्थ समझाइये ।

उत्तर : प्रत्येक व्यक्ति को उसका वाजिब हिस्सा देना।

प्रश्न 4 समाजिक न्याय को बढ़ावा देने का तरीका क्या हो सकता है?

उत्तर : पारिश्रमिक या कर्त्तव्यों का वितरण करते समय लोगों की विशेष जरूरतों का ख्याल सिद्धांत सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने का तरीका माना जा सकता है।

प्रश्न 5 समान लोगों के प्रति समान व्यवहार या बर्ताव से क्या आशय है?

उत्तर : लोगों के साथ वर्ग जाति नस्ल या लिंग के आधार पर भेदभाव न किया जाये। भिन्न जातियों के दो व्यक्ति यदि एक ही काम करते हो चाहे वह पत्थर तोड़ने का काम हो या पिज्जा बांटने का उन्हें समान पारिश्रमिक मिलना चाहिये।

प्रश्न 6 न्यूनतम आवश्यकताओं की अवधारणा किस पंचवर्षीय योजना में लाई गई?

उत्तर : 5वीं पंचवर्षीय योजना 1974-1979

प्रश्न 7 सरकारी नौकरियों में आरक्षण के प्रस्ताव के विरोध में फूटे आंदोलन का नाम बताइये।

उत्तर : मण्डल कमीश्न विरोधी आंदोलन 1990

प्रश्न 8 सामाजिक न्याय की स्थापना के लिये किस भारतीय दार्शनिक का योगदान सर्वोपरि है?

उत्तर : डॉ. भीमराव अम्बेडकर

2 अंकीय प्रश्न:

प्रश्न 1 सामाजिक न्याय .... व .... का सामंजस्य है।

उत्तर : व्यक्तिगत अधिकारों, सामाजिक अधिकारों

प्रश्न 2 रॉल्स के अज्ञानता के आवरण का तात्पर्य समझाइये।

उत्तर : हम खुद को ऐसी परिस्थिति में होने की कल्पना करें जहां हमें यह फैसला लेना है कि समाज को कैसे संगठित किया जाये और साथ ही हमें यह भी पता न हो कि समाज में हमारी जगह क्या होगी तब हम ऐसा निर्णय लेंगे जो सभी के लिये हितकर होगा।

प्रश्न 3 समानता व सामाजिक न्याय के मध्य संबंध स्पष्ट कीजिये।

उत्तर : दोनों में घनिष्ठ संबंध है सामाजिक न्याय द्वारा समानता तथा समानता द्वारा सामाजिक न्याय की स्थापना होती है।

प्रश्न 4 न्यायपूर्ण वितरण से क्या अभिप्राय है?

उत्तर : सामाजिक न्याय का संबंध वस्तुओं और सेवाओं के न्यायोचित बंटवारे से है। यह वितरण समाज के विभिन्न समूहों व व्यक्तियों के बीच होता है जिससे उन्हें जीने के लिये समान धरातल मिल सके।

प्रश्न 5 न्यायपूर्ण समाज की अवधारणा से क्या अपेक्षा की जाती है?

उत्तर : न्यायपूर्ण समाज को लोगों के लिये न्यूनतम बुनियादी स्थितियाँ जरूर मुहैया करानी चाहिये ताकि स्वस्थ व सुरक्षित जीवन के साथ समान अवसर के जरिये अपनी प्रतिभा का विकास कर सकें।

प्रश्न 6 संयुक्त राष्ट्र संघ की इकाईयों ने न्यूनतम आवश्यकताओं में किन सुविधाओं की गणना की है?

उत्तर : भोजन, शुद्ध पानी, आवास, आय व शिक्षा।

प्रश्न 7 मुक्त बाजार से क्या अभिप्राय है?

उत्तर : मुक्त बाजार के समर्थक खुली प्रतिद्वंदिता के पक्षधर है। व्यक्ति को संम्पति अर्जित करने हेतु, मूल्य व मजदूरी के मामले में व्यक्ति की स्वतंत्रता के हामी है।

https://www.evidyarthi.in/